राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – दिसम्बर 2021

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 79,348 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 17,980 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
3. **CED, चंडीगढ़ कम्पलीट सिटी (सब डिवीजन-5 को छोड़कर):** 9 दिसम्बर 2021 को MBC एवं सर्विस केबल की अतिरिक्त लागत सहित AMI/स्मार्ट मीटरिंग के कार्यान्वयन के लिए संशोधित स्वीकृति पत्र जारी किया गया।

*सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 15 दिसम्बर 2021 को 'NSGM' योजना मूल्यांकन पर चर्चा करने हेतु IITB के साथ एक ऑनलाइन बैठक हुई। IIT बॉम्बे द्वारा NSGM योजना की तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया और 16 दिसंबर 2021 को विद्युत मंत्रालय के साथ साझा किया गया।
2. राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन द्वारा 'USAID MAITREE' के साथ साझेदारी में 'ज़ीरो-इन डायलॉग वेबिनार श्रृंखला' आयोजित की गई। 10 दिसंबर 2021 को इस श्रृंखला का पहला जीरो-इन डायलॉग 'ग्रिड-इंटरएक्टिव नेट जीरो एनर्जी बिल्डिंग्स' पर आयोजित हुआ। 22 दिसंबर 2021 को दूसरा जीरो-इन डायलॉग # 02 'ग्रिड-इंटरएक्टिव नेट जीरो एनर्जी बिल्डिंग्स' के लिए उभरती तकनीकों पर आयोजित हुआ।
3. 16 दिसंबर 2021 को NSGM योजना विस्तार हेतु 'SFC' नोट इनपुट्स विद्युत मंत्रालय के साथ साझा किए गए।
4. 14 दिसंबर 2021 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पावरग्रिड के की अध्यक्षता में "ट्रांसमिशन सेक्टर के आधुनिकीकरण और इसे स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार करने के लिए गठित टास्क फोर्स" की पहली बैठक आयोजित की गई।
5. 21 दिसंबर 2021 को मुख्य महाप्रबंधक, एनपीएमयू ने 'NPTI', फरीदाबाद द्वारा आयोजित पहले 'RDSS' कार्यक्रम के दौरान 'एएमआई/स्मार्ट मीटरिंग' पर एक ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान दिया।
6. 21 दिसंबर 2021 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आईपीडीएस की निगरानी समिति की 21वीं बैठक हुई।
7. 8 दिसंबर 2021 को एनपीएमयू विभाग ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, 'REC' की अध्यक्षता में आयोजित 'वितरण क्षेत्र में स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियों को शुरू करने के लिए रोडमैप की सिफारिश के लिए गठित टास्क फोर्स' की बैठक में भाग लिया।

डॉ Director NPMU
dir.npmu.nsgm@gov.in